# राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर

**जवाहर लाल नेहरू मार्ग**

क्रमांक : परीक्षा / 2024 / दिनांकः

निदेशक / विभागाध्यक्ष / प्राचार्य,
संबंधित विभाग / महाविद्यालय,
राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।

महोदय / महोदया,

राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के तहत स्नातक द्वितीय सेमेस्टर (नियमित) परीक्षा मई–2024 तथा स्नातकोत्तर / व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की II/IV/VI/VIII/X (Ord. 199 F-3(j) Grading/Non-Grading Semester Scheme) परीक्षा मई 2024 (समस्त संकाय) के परीक्षा आवेदन पत्र ऑनलाईन माध्यम से निम्नानुसार भरवाये जा रहे है, जो विद्यार्थियों द्वारा संबंधित विभाग / महाविद्यालय में जमा करवाये जाने हैः–

| | |
|---|---|
| बिना विलम्ब शुल्क | 01.05.2024 से 08.05.2024 |
| विलम्ब शुल्क रूपये 100 / – से | 09.05.2024 से 11.05.2024 |

स्नातक नियमित विद्यार्थियों की 75 प्रतिशत उपस्थिति एवं मिडटर्म परीक्षा में 40 प्रतिशत अंक होने पर ही प्राचार्य द्वारा परीक्षार्थियों के परीक्षा फॉर्म विश्वविद्यालय को अग्रेषित किये जावें जिसकी अनुपालना नही होने पर महाविद्यालय के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही / आर्थिक दंड आरोपित किया जा सकता है तथा स्नातकोत्तर / व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की सेमेस्टर परीक्षाओं हेतु ऑनलाईन भरे गये परीक्षा आवेदन पत्र मय समस्त आवश्यक शैक्षणिक एवं अन्य दस्तावेजों सहित सभी आवश्यक पूर्ति कर (Ord. 199 F-3(j) Grading/Non-Grading Semester Scheme) के तहत 75 प्रतिशत उपस्थिति, सतत् मूल्यांकन (Continuous Assessment) में न्यूनतम अंक अर्जित किया जाना सुनिश्चित करते हुये योग्य छात्रों के परीक्षा आवेदन पत्र संबंधित परीक्षा अनुभाग में भिजवाया जाना सुनिश्चित करें।

उक्त सभी परीक्षायें मई माह के तृतीय सप्ताह में आयोजित होना प्रस्तावित है एवं विश्वविद्यालय की सेमेस्टर परीक्षाओं से संबंधित सतत् मूल्यांकन अंक समय रहते विश्वविद्यालय वेबसाईट पर अपलोड़ करवाना सुनिश्चित करें, साथ ही विभागाध्यक्ष / प्राचार्य अपने स्तर पर भी विद्यार्थियों को उक्तानुसार सूचित करने का श्रम करें।

यह सक्षम स्तर से अनुमोदित है।

sd/-

**परीक्षा नियंत्रक**

क्रमांक : परीक्षा / 2023 / 2959 – 2966 दिनांकः 30.4.24

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं अग्रिम कार्यवाही हेतु निम्न को प्रेषित है :–

1. निदेशक, इन्फोनेट सेंटर, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि विज्ञप्ति को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रसारित करवाने की व्यवस्था करें।
2. वित्त नियंत्रक एवं वित्तीय सलाहकार, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि वे यह सुनिश्चित करने का श्रम करें कि परीक्षा–2024 हेतु बैंक गेटवे द्वारा जमा किये गये परीक्षा शुल्क राशि विश्वविद्यालय के मुख्य बैंक खातों में जमा करवा दी गई है एवं जमा विवरण प्राप्त कर Reconciliation करवाने का श्रम करें।
3. जनसम्पर्क अधिकारी, राजस्थान विश्वविद्यालय को प्रेषित कर लेख है कि उक्त सूचना को मुख्य समाचार पत्रों में समाचार के रूप में प्रकाशित करवाने की व्यवस्था करें।
4. प्रबन्धक, आई.सी.आई.सी.आई. बैंक, बापू नगर ब्रांच, विश्वविद्यालय केम्पस, जयपुर को भेजकर लेख है कि परीक्षार्थी द्वारा ऑनलाईन माध्यम से जमा परीक्षा शुल्क का Real Time Integration प्रक्रिया अपनाते हुये उसकी जानकारी संबंधित परीक्षा फॉर्म भरवाने वाली कम्प्यूटर फर्म को प्रेषित करें। यदि किसी परीक्षार्थी का भुगतान Real Time Integration प्रक्रिया में सफल ना होने पर तत्काल रिफंड करें जिससे परीक्षार्थी / विश्वविद्यालय फीस रिफंड हेतु अनावश्यक परेशान ना हो।
5. निजी सचिव, कुलपति / कुलसचिव / निजी सहायक, परीक्षा नियंत्रक, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
6. समस्त उप–कुलसचिव / सहायक कुलसचिव / अनुभाग अधिकारी परीक्षा संचालन व गोपनीय अनुभाग / शैक्षणिक –द्वितीय / सेलर– I, II / परीक्षा विविध, रिकार्ड शाखा, रोकड़ शाखा, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
7. निदेशक, छात्र सेवा एवं परामर्श केन्द्र, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।

**सहायक कुलसचिव (परीक्षा)**